कार्यालय थानाधिकारी पुलिस थाना मथानिया जोधपुर पूर्व

psmathaniya.jodr@gmail.com_ ☎02926–294124 दिनांक 03.10.2023

।। प्रेस नोट ।।

मथानियां पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

निवेदन है कि श्रीमान रवि दत्त गौड पुलिस आयुक्त महोदय, जोधपुर आयुक्तालय व श्रीमान अमृता दुहन पुलिस उपायुक्त महोदया जोधपुर पूर्व के निर्देशानुसार एनडीपीएस एक्ट के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर श्रीमान नाजीम अली अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व व श्रीमान पीयुष कविया सहायक पुलिस आयुक्त वृत मण्डोर के निर्देशन में मन थानाधिकारी हरिसिंह दूधवाल नि.पु.के नेतृत्व में थाना हाजा की एक विशेष टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के दो अभियुक्तगण श्यामसुन्दर पुत्र भजनाराम जाति विश्नोई उम्र 23 साल निवासी गॉव भीमसागर सामराउ पुलिस थाना लोहावट जिला फलौदी व मांगीलाल पुत्र बंशीलाल जाति विश्नोई उम्र 38 साल निवासी केलावा कल्ला पुलिस थाना करवड जिला जोधपुर पूर्व को गिरफतार किया गया।

घटना का विवरणः– युवा पीढी मे बढती नशे की प्रवृति की रोकथाम तथा अवैध मादक पदार्थो के वांछित तस्करो की धरपकड हेतू दिनांक 17.04.2023 को मथानिया थानाधिकारी मय टीम द्वारा मथानिया से रामपुरा जाने वाली सडक पर रावत वाटिका के पास एक ट्रक नं RJ 19 GE 3161 को दस्तयाब किया जाकर ट्रक के केबिन में छिपाया हुआ **08 क्विंटल 39.410 किलोग्राम अवैध गांजा** बरामद किया जाकर धारा 8/20 **एनडीपीएस एक्ट** के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। मौके से वांछित मुलजिम फरार चल रहे थे। बरामदा गांजा की खरीद फरोख्त एवं तस्करी मे लिप्त अरोपियों के संबंध मे अग्रीम अनुसंधान हेतु आयुक्तालय स्तर से उच्चधिकारियो से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थ से जुडे तस्करो की गिरफतारी हेतु एक विशेष टीम गठित कर मन थानाधिकारी हरिसिंह दूधवाल निरीक्षक पुलिस मय जाब्ता श्री राजूराम उनि, श्री बंशीलाल सउनि, श्री सुनील कुमार हैडकानि. 148, श्री छोटूराम कानि. 1717, श्री सुभाष कानि. 129, श्री शैतानराम कानि. 1172 द्वारा प्रकरण में वांछित मुलजिमान श्यामसुन्दर पुत्र भजनाराम जाति विश्नोई उम्र 23 साल निवासी गॉव भीमसागर सामराउ पुलिस थाना लोहावट जिला फलौदी व मांगीलाल पुत्र बंशीलाल जाति विश्नोई उम्र 38 साल निवासी केलावा कल्ला पुलिस थाना करवड जिला जोधपुर पूर्व हाल किरायेदार गांधीनगर पुलिस थाना माता का थान जोधपुर पूर्व को गिरफतार किया गया। प्रकरण में गिरफतार सुदा मुलजिमान से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद फरोख्त व अन्य शरीक मुलजिमानो के सम्बन्ध में पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है।

सही/–
(हरिसिंह दूधवाल नि0पु0)
थानाधिकारी

पुलिस थाना मथानिया
जोधपुर पूर्व।